>

Title : Need to check increasing level of pollution in Chandrapur Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के चन्द्रपुर और वणी परिसर आज वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण में देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में अग्रणी हो रहा है। आज की स्थिति के अनुसार चन्द्रपुर देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में चौथे स्थान पर है। यहां पर स्थित चन्द्रपुर थर्मल पावर स्टेशन (सी.टी.पी.एस.) बिजली संयंत्र में 2340 मेगावाट बिजली उत्पादन होता है। इसके लिए 70 हजार मीट्रिक टन कोयला जलाया जाता है। इतना ही नहीं यहां पांच बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां, शहर से लगकर कोयला खानें, 20 ओपन कास्ट कोयला खानें, 10 कोल वाशरीज, स्टील फैक्ट्रियां, रेलवे सायडिंग से कोयला और लौहर अयस्क का लदान और ढुलाई से बड़े पैमाने पर प्रदूषण बढ़ रहा है। परिसर में फैले उद्योगों के कारण बड़े पैमाने पर सड़क परिवहन के कारण प्रदूषण में भारी बढ़ोतरी हो रही है। इसके बावजूद सरकार कोयला आधारित 10 नये विद्युत संयंत्रों को अनुमति दे रही है। इससे प्रदूषण और बढ़ने की आशंका है। बढ़ते प्रदूषण के कारण परिसर में श्वसन, हृदयरोग और त्वचा रोग संबंधी संक्रमण बढ़ रहा है। परिसर में नये उद्योग को अनुमति देने के बजाय जिले के जिवती, पोभुर्णा, गोंडपिपरी, ब्रह्मपुरी तथा गडचिरोली, आर्णी, पांढरकवडा, झरीजामणी जो कि उद्योग में पिछड़े क्षेत्र हैं, वहां पर ये उद्योग लगाने की आवश्यकता है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इस परिसर में बढ़ते प्रदूषण के नियंत्रण हेतु विशेष योजना तैयार करे तथा नये संयंत्रों को अनुमति देते समय राज्य के उद्योग विहीन क्षेत्रों को प्राथमिकता दे।